दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र : 2019–20

पाठानुसार नएं प्रारुप के अनुसार महत्त्वपूर्ण प्रश्न

कक्षा : आठवीं

विषय : हिंदी

सामान्य निर्देश :–

- दो अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में लिखिए।
- तीन अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 60–70 शब्दों में लिखिए।
- पाँच अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 120–150 शब्दों में लिखिए।

पाठ–कामचोर

प्र1) लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– (2 अंक)

क) बच्चों ने दरी पर पानी क्यों छिड़का?

ख) कहानी 'कामचोर' क्या संदेश देती है?

ग) बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई?

प्र2) दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– (5 अंक)

क) बच्चे घर के किन–किन कामों में अपने माता–पिता का हाथ बँटा सकते हैं, जिससे माता–पिता को भी उनके कामों में सहायता प्राप्त हो सकती है। अपने विचार प्रकट कीजिए।

पाठ– जब सिनेमा ने बोलना सीखा

प्र1) लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– (2 अंक)

क) जब पहली बोलती फिल्म प्रदर्शित हुई तो उसके पोस्टरों पर कौन–से वाक्य छापे गए थे?

ख) जब सिनेमा बोलने लगा तो उसमें क्या–क्या परिवर्तन आए?

ग) पहली सवाक् फिल्म के निर्माता–निर्देशक अर्देशिर को सम्मानित करने पर उन्होंने क्या कहा था?

प्र 2) दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– (5 अंक)

क) सिनेमा में पढे–लिखे अभिनेता व अभिनेताओं की जरूरत कब और क्यों पड़ी? इसमें किस प्रकार की भाषाओं को महत्त्व दिया गया?

पाठ– सुदामा चरित

प्र1) लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– (2 अंक)

क) सुदामा की दीन दशा देखने के बाद श्रीकृष्ण की क्या दशा हुई और उन्होंने क्या किया?

ख) सुदामा जी सबसे क्या पूछ रहे थे? क्या उन्हें झोपडी मिल गई?

ग) द्वारपाल ने श्रीकृष्ण को सुदामा के बारे में क्या–क्या बताया?

प्र2) दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– (5 अंक)

क) द्वार से खाली हाथ लौटते समय सुदामा मार्ग में क्या–क्या सोचते जा रहे थे? वह कृष्ण के व्यवहार से क्यों खीझ रहे थे? सुदामा के मन की दुविधा को अपने शब्दों में लिखिए।

पाठ– जहाँ पहिया है

प्र1) लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– (2 अंक)

क) साइकिल 'एक विनम्र सवारी' कैसे है?

ख) "1992 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बाद अब यह जिला कभी भी पहले जैसा नहीं हो सकता।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

ग) साइकिल आंदोलन से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन–कौन से बदलाव आए हैं?

प्र2) दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– (5 अंक)

क) मान लीजिए आप एक संवाददाता हैं। आपको 8 मार्च, 1992 के दिन पुडुकोट्टई में हुई घटना का समाचार तैयार करना है। पाठ में दी गई सूचनाओं और अपनी कल्पना के आधार पर एक समाचार तैयार कीजिए।

(पूरक पुस्तक)

पाठ– नयी समस्याएँ

प्र1) दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– (3 अंक)

क) अरब भारत में सिंध से आगे क्यों नहीं बढ़ सके?

ख) तैमूर कौन था? उसके हमले के बाद दिल्ली की क्या दशा हुई?